अमर उजाला 16-10-2024

वर्तमान जीवन शैली पर एक दिवसीय मंथन

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में स्वास्थ्य और भारतीय जीवन शैली में आने वाली चुनौतियों पर आधारित एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका संचालन आरोग्य भारती अंबाला विभाग की ओर से किया।

यह संगोष्ठी वर्तमान समय की स्वास्थ्य समस्याओं और भारतीय जीवन शैली में हो रहे परिवर्तनों पर केंद्रित थी। इसमें विशेषज्ञों ने अपने विचार और अनुभव सांझा किए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. करतार सिंह धीमान, वाइस चांसलर, श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र मौजूद रहे। डॉ. करतार सिंह धीमान ने संबोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणाली और आयुर्वेद भारतीय समाज के स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वर्तमान जीवन शैली और बदलते खान-पान की आदतें स्वास्थ्य समस्याओं का मुख्य कारण बन रही है। केवल चिकित्सा उपचार ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना और भारतीय प्राचीन परंपराओं के अनुसार जीवन जीना ही दीर्घकालिक स्वास्थ्य का मार्ग है।

जीएमएन कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद मुख्य अतिथि और अन्य। स्वयं

डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है । संगोष्ठी के अध्यक्ष डॉ रोहित दत्त ने विशेष रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में फार्मास्यूटिकल की भूमिका पर प्रकाश डाला।